卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 245 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦ 11 जून 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## पंतनगर में बेदखली नोटिस पर बवाल

### जमकर हुआ हंगामा,विधायक बेहड़ के हस्तक्षेप से लौटी प्रशासनिक टीम

पंतनगर (उद संवाददाता)। पंतनगर क्षेत्र की संजय कॉलोनी और मस्जिद कॉलोनी में गुरुवार को उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया जब प्रशासनिक टीम भारी पुलिस बल के साथ कथित अतिक्रमण और अवैध कब्जों के संबंध में नोटिस चस्पा करने पहुंची। कार्रवाई की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और पूरे क्षेत्र में हंगामे की स्थिति पैदा हो गई। स्थिति उस समय और अधिक गरमा गई जब सूचना मिलने पर



किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ भी अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच गए। विधायक ने प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध करते हुए अधिकारियों से वार्ता की और स्थानीय लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों का आक्रोश और बढ़ गया तथा प्रशासनिक टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। काफी देर तक चले घटनाक्रम के बाद टीम को बिना नोटिस वितरण की प्रक्रिया पूरी किए वापस लौटना पड़ा। जानकारी के अनुसार प्रशासनिक टीम संजय कॉलोनी और मस्जिद कॉलोनी में चिन्हित भूमि पर रहने वाले लोगों को नोटिस देने पहुंची थी। बताया जा रहा है कियह कार्रवाई सरकारी भूमि पर कब्जों से संबंधित विभागीय और न्यायिक प्रक्रियाओं के तहत की जा रही थी। नियमानुसार किसी संभावित कार्रवाई से पूर्व संबंधित (शेष पृष्ठ सात पर)

## एनडीए कॉन्क्लेव में पीएम मोदी से मिले सीएम धामी

नई दिल्ली। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित एनडीए कॉन्क्लेव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट कर विभिन्न



विषयों पर संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त किया तथा उनका आभार व्यक्त किया।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास, सुशासन और जनकल्याण के (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क पार करते युवक को वाहन ने रौंदा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: किच्छा मार्ग पर मोर्निंग वॉक के दौरान सड़क पार कर रहे मजदूरी का काम करने वाले एक युवक को तेज गति से जाते अज्ञात वाहन ने टक्कर मार रौंद दिया। उसे उपचार के लिए पहले निजी चिकित्सालय और फिर जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार बगवाड़ा भट्टा निवासी 25 वर्षीय दीपक साहनी पुत्र रामलाल मजदूरी करता था। बताया जाता है कि दीपक रोज की तरह आज



प्रात: करीब साढ़े चार बजे टहलने के लिए घर से निकला था। जब वह मंडी गेट व निजी हॉस्पीटल के मध्य पहुंचकर सड़क पार कर रहा था तो इसी दौरान तेज गति से आते अज्ञात वाहन ने उसे जोर से टक्कर मार दी और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन वहां आ पहुंचे और दीपक को लहूलुहान हालत में उपचार के लिए एक निजी चिकित्सालय ले गये जहां उसके स्वास्थ्य में कोई सुधार न होने पर परिजन उसे जिला चिकित्सालय ले गये। जहां पहुंचने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। दीपक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक दीपक दो भाईयों व एक बहन में सबसे छोटा था। उसकी ढ़ाई वर्ष की एक पुत्री है। परिजनों के अनुसार दीपक को पिकप वाहन ने टक्कर मारी है। घटना से परिजनों (शेष पृष्ठ 7 पर)

## स्पा सेंटर व बार संचालक की संदिग्ध मौत

### संजय शर्मा की मौत के बाद उठे कई सवाल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। बुधवार की देर रात बालाजी मंदिर रोड स्थित शनिदेव मंदिर के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मेट्रोपोलिस सिटी में स्थित स्पा सेंटर और बार संचालक 56 वर्षीय संजय शर्मा पुत्र रामनिवास, निवासी आवास विकास किच्छा की मौत हो गई। उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और संजय शर्मा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।बताया जाता है कि अपने स्टॉफ के दो लोगों को उनके आवास



छोड़ने के बाद हादसे के समय संजय शर्मा घास मंडी क्षेत्र की ओर गए थे। उनके साथ स्टाफ की एक युवती भी कार में मौजूद थी, जिसे आगे छोड़ना था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और राहत–बचाव दल मौके पर पहुंच गया और जांच शुरू कर दी गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल संजय शर्मा को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहाँ चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कार सवार युवती से घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी आ गए। हालांकि, हादसे के बाद मामला उस समय और रहस्यमय हो गया जब संजय शर्मा के सीने में गहरा घाव होने की बात (शेष पृष्ठ सात पर)

## हॉस्टल में भोजन के बाद कई छात्रों की तबीयत बिगड़ी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के एक छात्रावास में भोजन करने के बाद करीब 30 छात्रों की तबीयत बिगड़ने से विश्वविद्यालय प्रशासन में हड़कंप मच गया। छात्रों को उल्टी, पेट दर्द और मरोड़ की शिकायत होने पर तत्काल चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई गई। जानकारी के अनुसार छात्रावास में भोजन करने के कुछ समय बाद कई छात्रों को अचानक पेट में तेज दर्द, मरोड़ और उल्टियां शुरू हो गईं। एक साथ बड़ी संख्या में छात्रों के अस्वस्थ होने की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय प्रशासन सक्रिय हो गया। चिकित्सकों की टीम तत्काल छात्रावास पहुंची और सभी प्रभावित छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार प्रदान किया। राहत की बात यह रही कि किसी भी छात्र की हालत गंभीर नहीं पाई गई और किसी को अस्पताल में भर्ती कराने की आवश्यकता नहीं पड़ी। चिकित्सकीय देखरेख में सभी छात्रों का उपचार छात्रावास में ही किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शिवेंद्र कुमार कश्यप ने मामले का संज्ञान (शेष पृष्ठ सात पर)

## जंगल में युवक का जला शव मिलने से सनसनी

### परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप,मजदूरी पर गया था युवक, कई लोग हिरासत में

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर के निकट स्थित ग्राम करेलपुरी में गुरुवार सुबह जंगल से एक युवक का जला हुआ शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। मृतक के परिजनों ने कुछ लोगों पर युवक की हत्या कर शव जलाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम करेलपुरी निवासी 30 वर्षीय गुरदास बुधवार सुबह गांव के ही छिंदर सिंह के साथ मजदूरी के लिए गया था। परिजनों का कहना है कि देर रात तक गुरदास घर नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार सुबह गांव से कुछ दूरी पर जंगल में उसका जला हुआ शव




बरामद हुआ। मृतक के ताऊ ईश्वर सिंह ने आरोप लगाया कि छिंदर सिंह ने गुरदास को मजदूरी के लिए अपने साथ ले गया था। उनका आरोप है कि वहां किसी बात को लेकर विवाद होने के बाद गुरदास के साथ मारपीट की गई और उसके ऊपर उबलता हुआ लहन डालकर उसकी हत्या कर दी गई। परिजनों ने घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाल सुशील कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पांच से छह संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। उन्होंने कहा कि परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।वहीं गांव में युवक की संदिग्ध मौत को लेकर शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

## बार-बार पूछने पर भी खामोश रहे डिप्टी सेक्रेटरी, हाईकोर्ट की कड़ी फटकार

### किच्छा नगर पालिका चुनाव याचिका की सुनवाई में जवाब न दे पाने पर कोर्ट नाराज,अगली सुनवाई 16 जून को

नैनीताल। किच्छा नगर पालिका चुनाव याचिका की सुनवाई के दौरान गुरुवार को उत्तराखंड हाईकोर्ट में उस समय असहज स्थिति पैदा हो गई, जब न्यायालय के सवालों पर शहरी विकास विभाग के डिप्टी सेक्रेटरी प्रदीप शुक्ला बार–बार पूछे जाने के बावजूद खामोश रहे और कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। मामले को गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई और उनकी तैयारी पर सवाल खड़े किए। सुनवाई के दौरान



न्यायालय के निर्देश पर मामले से संबंधित मूल अभिलेख (ओरिजिनल रिकॉर्ड) कोर्ट में प्रस्तुत किए गए। रिकॉर्ड लेकर डिप्टी सेक्रेटरी प्रदीप शुक्ला स्वयं न्यायालय में उपस्थित हुए। कोर्ट ने अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद उनसे रिकॉर्ड से जुड़े तथ्यों और परिस्थितियों के बारे में जानकारी मांगी, लेकिन बताया जाता है कि कई अवसर दिए जाने के बावजूद अधिकारी ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया और अधिकांश समय खामोश बने रहे। न्यायालय ने इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए पूछा कि यदि अधिकारी को मामले की जानकारी नहीं थी या उन्होंने रिकॉर्ड (शेष पृष्ठ 7 पर)

## सियासत बचाने निकले थे साहब, शहर का चेयरमैन ही अटक गया

किच्छा। शहर में इन दिनों एक ही चर्चा है कि नेता जी की जिद का खामियाजा आज सरकार, अधिकारी और सबसे बढ़कर शहर की जनता भुगत रही है। अपनी सियासी जमीन बचाने की लड़ाई में छेड़ी गई इस जंग ने ऐसा मोड़ ले लिया कि शहरवासी आज तक अपना चुना हुआ चेयरमैन तक नहीं पा सके। नगरवासियों तो यहाँ तक कह रहे हैं कि साहब को शहर की सरकार बनने से ज्यादा चिंता अपनी राजनीति बचाने की थी। नतीजा यह हुआ कि विकास के पहिए थम गए, प्रशासनिक उलझनें बढ़ गईं और पूरा शहर इंतजार की कतार में खड़ा हो गया। चर्चा तो यह भी है कि जिस लड़ाई (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 12 साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर सीएम धामी ने दी बधाई

# मोदी युग में उत्तराखंड को मिली वैश्विक पहचान

### केदारनाथ, बदरीनाथ और आदि कैलाश में विकास परियोजनाओं से आध्यात्मिक पर्यटन को मिली नई दिशा, परिवहन सेवाओं के विस्तार से बदली प्रदेश की तस्वीर



देहरादून (उद संवाददाता)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों के ऐतिहासिक कार्यकाल के दौरान उत्तराखंड के धार्मिक और आध्यात्मिक स्थलों के विकास को नई गति मिली है। केदारनाथ, बदरीनाथ और आदि कैलाश जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों में संचालित विकास परियोजनाओं तथा प्रधानमंत्री के लगातार दौरों से देवभूमि के धार्मिक स्थलों की वैश्विक पहचान मजबूत हुई है। इसके परिणामस्वरूप उत्तराखंड आज केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उभरते आध्यात्मिक पर्यटन गंतव्य के रूप में भी अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। वर्ष 2013 की आपदा के बाद केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण और पुनर्विकास को केंद्र सरकार ने प्राथमिकता दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं कई बार केदारनाथ पहुंचकर पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा कर चुके हैं। इसके चलते केदारपुरी में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार हुआ है और धाम की दिव्यता तथा भव्यता को नए स्वरूप में विकसित किया गया है। तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर व्यवस्थाओं के साथ धार्मिक परिसर को अधिक सुव्यवस्थित बनाया गया है। इसी प्रकार बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत व्यापक विकास कार्य किए जा रहे हैं। लगभग 255 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से बदरीनाथ को आधुनिक सुविधाओं से युक्त आध्यात्मिक पर्वतीय नगर के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और धाम की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत का संरक्षण करना है। तीर्थयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के लिए महत्वाकांक्षी रोपवे परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है। सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर लंबा रोपवे लगभग 4,081 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। वहीं गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक 12.4 किलोमीटर लंबे रोपवे के निर्माण पर लगभग 2,730 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए यात्रा पहले की तुलना में अधिक सुगम और सुरक्षित हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आदि कैलाश दौरा भी उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्रों के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है। पिथौरागढ़ स्थित आदि कैलाश और पार्वती कुंड की तस्वीरों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक चर्चा बटोरी। इससे सीमांत क्षेत्रों में धार्मिक पर्यटन को नई पहचान मिली और स्थानीय स्तर पर रोजगार तथा विकास की संभावनाओं को भी बल मिला। कुमाऊं मंडल की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए मानसखंड मंदिर माला मिशन की शुरुआत की गई है। इस मिशन के तहत क्षेत्र के प्राचीन मंदिरों को आधुनिक पर्यटन सुविधाओं, बेहतर संपर्क मार्गों और आधारभूत संरचनाओं से जोड़ा जा रहा है। इससे धार्मिक पर्यटन के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है। चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना ने भी राज्य की धार्मिक यात्राओं को नई मजबूती प्रदान की है। बेहतर और सुरक्षित सड़क संपर्क के कारण चारधाम यात्रा अधिक सुगम हुई है, जिससे श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही स्थानीय व्यापार, पर्यटन और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिला है। हरिपुर कालसी क्षेत्र में यमुना तीर्थ स्थल के विकास की दिशा में भी कार्य किए जा रहे हैं। प्रस्तावित परियोजनाओं के माध्यम से यमुना नदी से जुड़ी धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन गतिविधियों को नया आयाम देने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ और बदरीनाथ धाम पुनर्विकास परियोजनाओं, मानसखंड मंदिर माला मिशन, रोपवे परियोजनाओं तथा चारधाम सड़क परियोजना से राज्य की कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। राज्य सरकार उत्तराखंड को विश्व के प्रमुख आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। **उत्तराखंड में सड़क, रेल और हवाई संपर्क के क्षेत्र में व्यापक विस्तार** : केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के साथ उत्तराखंड में सड़क, रेल और हवाई संपर्क के क्षेत्र में व्यापक विस्तार देखने को मिला है। इस अवधि में अनेक महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के जरिए प्रदेश की कनेक्टिविटी को नई गति मिली है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने इन परियोजनाओं को आगे बढ़ाने और दूरस्थ क्षेत्रों तक सुविधाएं पहुंचाने की दिशा में लगातार प्रयास किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर 2016 में चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना का शिलान्यास किया था। करीब 12 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य चारों धामों को हर मौसम में सुगम सड़क संपर्क से जोड़ना है। परियोजना का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जिससे चारधाम यात्रा के साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम हुआ है। उत्तराखंड को दिल्ली देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर के रूप में भी बड़ी सौगात मिली है। लगभग 11,963 करोड़ रुपये की लागत से विकसित 210 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के कारण दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आई है। इसके अलावा सितारगंज टनकपुर, पांवटा साहिब देहरादून, भानियावाला ऋषिकेश, काठगोदाम लालकुआं हल्द्वानी बाईपास तथा रुद्रपुर बाईपास जैसी महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं पर भी कार्य प्रगति पर है। हवाई संपर्क के क्षेत्र में भी उत्तराखंड ने पिछले वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। केंद्र सरकार के सहयोग से जॉलीग्रांट, पंतनगर और पिथौरागढ़ हवाई अड्डों का विस्तार किया गया है। क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान के तहत प्रदेश में 18 हेलीपोर्ट विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें से 12 पर सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। देहरादून से अहमदाबाद, भुवनेश्वर, बेंगलुरु, मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, जयपुर, लखनऊ, पुणे और कुल्लू सहित अनेक शहरों के लिए नियमित हवाई सेवाएं संचालित हो रही हैं। राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री उड़न खटोला योजना के माध्यम से पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों तक हवाई संपर्क बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इस योजना के तहत देहरादून और हल्द्वानी से विभिन्न पर्वतीय जनपदों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे दुर्गम क्षेत्रों के लोगों को राहत मिली है। रेल संपर्क के क्षेत्र में भी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर तेजी से कार्य हुआ है। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना, जिसे उत्तराखंड के लिए ऐतिहासिक परियोजना माना जा रहा है, का 72 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। 125 किलोमीटर लंबी यह रेल लाइन पर्वतीय क्षेत्रों तक रेल पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इसके अलावा टनकपुर बागेश्वर रेल लाइन और डोईवाला से गंगोत्री यमुनोत्री रेल लाइन के सर्वे को भी मंजूरी मिल चुकी है। वहीं अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रदेश के 11 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रदेश सरकार का मानना है कि बीते 12 वर्षों में उत्तराखंड में हर प्रकार की कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। सड़क, रेल और हवाई नेटवर्क के विस्तार से राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों की पहुंच बड़े शहरों तक आसान हुई है तथा पर्यटन, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिली है।

# मुख्यमंत्री ने पत्र लिखकर विकास, सुशासन और उत्तराखंड को मिले सहयोग की सराहना की



देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उनके सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा देश के सर्वाधिक अवधि तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने पर देवभूमि उत्तराखंड की जनता की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं ने देश के करोड़ों नागरिकों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ने प्रभावी प्रयास किए हैं। पत्र में मुख्यमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत अभियान, डिजिटल इंडिया, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, वस्तु एवं सेवा कर व्यवस्था तथा रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने जैसे निर्णयों को देश की प्रगति के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि इन पहलों ने भारत को आर्थिक, तकनीकी और रणनीतिक रूप से मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने कोविड महामारी के दौरान भारत द्वारा चलाए गए दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान और वैक्सीन मैत्री पहल का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि संकट के दौर में भारत ने न केवल अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि अनेक देशों की सहायता कर वैश्विक नेतृत्व का परिचय भी दिया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा, सैनिकों के सम्मान, सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण और सनातन सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण के लिए किए गए प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर, महाकाल लोक और केदारनाथ धाम पुनर्निर्माण को देश की सांस्कृतिक अस्मिता और गौरव से जुड़े ऐतिहासिक कार्य बताया। उत्तराखंड के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के विशेष स्नेह और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में राज्य की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को नई गति मिली है। उन्होंने केदारनाथ एवं बदरीनाथ धाम पुनर्विकास परियोजनाओं, चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना, ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना, दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे, विभिन्न रोपवे परियोजनाओं, वंदे भारत एक्सप्रेस तथा सीमांत क्षेत्रों के विकास से जुड़ी योजनाओं का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने लखवाड़, सौंग व्यासी और जमरानी बहुद्देशीय बांध परियोजनाओं को गति मिलने को भी राज्य के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से पेयजल और सिंचाई की आवश्यकताओं की पूर्ति होगी तथा लाखों लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के संकल्प को अवश्य प्राप्त करेगा और विश्व पटल पर अग्रणी तथा सशक्त राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान और अधिक मजबूत करेगा।

# विकास योजनाओं और निर्माण कार्यों के लिए 89 करोड़ रुपये से अधिक की मंजूरी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के विभिन्न विकास कार्यों, निर्माण परियोजनाओं और जनहित योजनाओं के लिए लगभग 89 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की हैं। इनमें पुलिस आवासीय भवनों का निर्माण, कारागार विस्तार, आपदा प्रभावित परिवारों की सहायता, विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्य तथा उत्तराखंड आश्रम पुष्कर के लिए अनुदान शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने हरिद्वार स्थित पुलिस लाइन रोशनाबाद में टाइप द्वितीय श्रेणी के 120 आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 42.47 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इसके अलावा ऋषिकेश थाने में जर्जर आवासीय भवनों को ध्वस्त कर उनके स्थान पर टाइप द्वितीय श्रेणी के 36 तथा टाइप तृतीय श्रेणी के नौ आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 17.44 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं जिला कारागार देहरादून में अहाता संख्या 05 और 06 की आठ बैरकों के प्रथम तल पर नई बैरकों के निर्माण के लिए 59.78 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में पुलिस के विभिन्न अधिष्ठानों के लिए 27.60 करोड़ रुपये की धनराशि जारी किए जाने का भी अनुमोदन प्रदान किया है। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने जनपद उत्तरकाशी की जशीयाड़ और डुंडा तहसीलों के नौ प्रभावित परिवारों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता राशि स्वीकृत की है। ये परिवार वर्तमान में किराये के भवनों में निवास कर रहे हैं। उन्हें छह माह तक चार हजार रुपये प्रतिमाह की दर से किराया भुगतान के लिए कुल 2.16 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। विकास कार्यों के अंतर्गत मुख्यमंत्री ने अल्मोड़ा जनपद के सल्ट विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में 10 हाईमास्ट लाइट लगाने के लिए 29.32 लाख रुपये की मंजूरी दी है। वहीं देहरादून जनपद के विकासनगर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 380.12 लाख रुपये की परियोजनाओं के सापेक्ष 97.79 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत प्रथम किश्त के रूप में 58.67 लाख रुपये जारी किए जाने का अनुमोदन भी दिया गया है। मुख्यमंत्री ने राजस्थान के तीर्थराज पुष्कर स्थित उत्तराखंड आश्रम में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए भी 50 लाख रुपये के अनुदान को मंजूरी दी है। इस राशि से आश्रम में जनरेटर सेट, पेयजल व्यवस्था, सोलर पैनल और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे प्रदेश से बाहर आने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। राज्य सरकार का मानना है कि इन स्वीकृतियों से आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था, जनसुविधाओं और आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास को भी बल मिलेगा।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

# चंपावत में पाटी नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर निर्दलीय नारायण लाल ने लहराया परचम

## भाजपा प्रत्याशी नवीन राम को किया पराजित, पवनदीप ने किया था प्रचार

चंपावत (उद संवाददाता)। चंपावत जिले की नवगठित पाटी नगर पंचायत के पहले चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी नारायण लाल ने शानदार जीत दर्ज कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी नवीन राम को पराजित कर नगर पंचायत के पहले अध्यक्ष बनने का गौरव हासिल किया। चुनाव परिणाम सामने आने के बाद समर्थकों में उत्साह का माहौल रहा और जीत का जश्न मनाया गया। पाटी नगर पंचायत चुनाव इस बार कई मायनों में चर्चा का विषय बना रहा। चुनाव में इंडियन आइडल फेम और उत्तराखंड के लोकप्रिय गायक पवनदीप राजन ने अपने जीजा एवं निर्दलीय प्रत्याशी नारायण लाल के समर्थन में प्रचार किया था। माना जा रहा है कि स्थानीय स्तर पर पवनदीप की लोकप्रियता का भी चुनावी माहौल पर प्रभाव देखने को मिला। पाटी नगर पंचायत चंपावत जिले की लोहाघाट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती है और नवगठित निकाय होने के कारण यहां पहली बार नगर पंचायत चुनाव संपन्न कराया गया। मंगलवार को मतदान के बाद गुरुवार को मतगणना हुई। सुबह आठ बजे से शुरू हुई मतगणना के दौरान



पहले चारों वार्डों के परिणाम घोषित किए गए, जबकि अध्यक्ष पद की मतगणना अंत तक जारी रही। अंततः निर्दलीय प्रत्याशी नारायण लाल ने भाजपा प्रत्याशी नवीन राम को पीछे छोड़ते हुए जीत दर्ज की। मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतगणना के लिए प्रशासन और पुलिस के अधिकारी पूरे समय मौजूद रहे। वार्ड सदस्य पद के परिणामों में न्यू कॉलोनी वार्ड से निर्दलीय प्रत्याशी नवल पचौली ने 183 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। जोलाड़ी वार्ड से निर्दलीय प्रत्याशी बबलू सिंह 151 मत प्राप्त कर विजयी रहे। रानीचौड़ वार्ड से निर्दलीय प्रत्याशी शांति देवी ने 166 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि पूनाकोट वार्ड से निर्दलीय प्रत्याशी संगीता 145 मत हासिल कर विजयी घोषित की गईं। पाटी नगर पंचायत में अध्यक्ष पद समेत सभी वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों के प्रदर्शन ने स्थानीय राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है। राजनीतिक जानकार इसे स्थानीय मुद्दों और प्रत्याशियों की व्यक्तिगत पकड़ का परिणाम मान रहे हैं। उधर, नवगठित अन्य निकायों में ऊधमसिंह नगर जिले की गढ़ीनेगी नगर पंचायत तथा टिहरी जिले की नरेंद्रनगर पालिका क्षेत्र के चुनाव परिणामों पर भी लोगों की नजरें बनी हुई हैं।

# नजूल भूमि पर मालिकाना हक की उम्मीद फिर जगी

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर हाईकोर्ट में सशक्त पैरवी की तैयारी

रुद्रपुर। रुद्रपुर क्षेत्र में वर्षों से नजूल भूमि पर निवास कर रहे हजारों परिवारों को मालिकाना हक मिलने की उम्मीद एक बार फिर मजबूत होती नजर आ रही है। विधायक शिव अरोरा के प्रयासों और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन के बाद इस मामले में उच्च न्यायालय में सशक्त पैरवी की तैयारी शुरू कर दी गई है। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि उन्होंने विधायक बनने से पहले नजूल भूमि पर रहने वाले लोगों को मालिकाना हक दिलाने का संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर रुद्रपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में करीब 3200 परिवारों को नजूल भूमि का मालिकाना हक प्रदान किया गया था। इसके तहत रमपुरा, बंगाली कॉलोनी, संजय खेड़ा, रविंद्र नगर, दूधिया नगर, खेड़ा और भदाईपुरा सहित विभिन्न क्षेत्रों के पात्र लोगों को 50 वर्ग मीटर तक भूमि का निशुल्क स्वामित्व दिया गया था। हालांकि 16 अप्रैल 2025 को उच्च न्यायालय की एकल पीठ द्वारा इस प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई थी, जिसके बाद शेष परिवारों को मालिकाना हक मिलने की प्रक्रिया रुक गई। विधायक शिव अरोरा ने गैरसैंण विधानसभा सत्र के दौरान नियम 300 के अंतर्गत इस



मुद्दे को उठाते हुए सरकार से न्यायालय में प्रभावी पैरवी करने की मांग की थी। विधायक ने बताया कि हाल ही में उन्होंने देहरादून में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस संबंध में पत्र सौंपा और न्यायालय में मजबूत पक्ष रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके बाद विधायक शिव अरोरा ने उच्च न्यायालय में एडवोकेट जनरल एस.एन. बदुलकर से भी मुलाकात कर मामले पर चर्चा की। उन्होंने मुख्य स्थायी अधिवक्ता पूरन सिंह बिष्ट से भी भेंट कर नजूल भूमि के मालिकाना हक से जुड़े मामले में सशक्त पैरवी करने का अनुरोध किया। अधिवक्ता ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वैधानिक प्रक्रिया के तहत मामले में मजबूती से पक्ष रखा जाएगा और समाधान का प्रयास किया जाएगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि नजूल भूमि पर मालिकाना हक को लेकर रुद्रपुर के करीब 20 हजार परिवारों में एक बार फिर उम्मीद जगी है। उन्होंने विश्वास जताया कि न्यायालय द्वारा लगी रोक हटने के बाद मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में शेष पात्र परिवारों को भी नजूल भूमि का मालिकाना हक प्रदान किया जा सकेगा।

# दुनिया में देव हजारों हैं, बजरंग बली का क्या कहना..

दिनेशपुर। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत गौरव अग्रवाल के सान्निध्य में श्री बालाजी महाराज का भव्य एवं विशाल दरबार श्री बालाजी मंदिर, दिनेशपुर में श्री मनोज श्रीवास्तव एवं श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव (लखनऊ वालों) के सौजन्य से श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सजाया गया, जहाँ दूर-दराज से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने अपनी-अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज सरकार की आरती, श्री हनुमान चालीसा एवं "आज मंगलवार है, महावीर का वार है" भजन के साथ किया गया। इसके पश्चात दरबार में पहुंचने पर महंत श्री गौरव अग्रवाल जी का भक्तों द्वारा फूल-मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत श्री गौरव अग्रवाल जी ने "बालाजी सुनो एक अर्जी है, संजीवन बूटी ला देना" तथा "ओ जाने वाले जरा रुक जाना, बाबा का जयकारा ले ले" जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित



श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की मधुर स्वर लहरियों पर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर झूमते नजर आए। दरबार में धूपड़े की सेवा सरदार मनजीत सलूजा द्वारा प्रदान की गई। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ, जहाँ उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी दौरान दरबार में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद मित्तल, वरिष्ठ बाबा भक्त गगन वाधवा एवं समाजसेवी सर्वेश मौर्य भी उपस्थित हुए। दरबार में आगमन पर वरिष्ठ बाबा भक्त श्री हरिचरण सिंह जी द्वारा उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। उनके आगमन से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा उन्होंने भी श्री बालाजी महाराज के दरबार में अपनी हाजिरी लगाकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं भजनों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए शिव कुमार ने "श्री राम जय राम जय जय राम", लवी अरोड़ा ने "जैसा चाहो मुझको समझना", अजय जायसवाल ने "दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार", बिट्टू अरोड़ा ने "इतनी कृपा बालाजी बनाए रखना", पवन खेड़ा ने "जरा घूमने तो घाटे चलिए" तथा कृष्ण छाबड़ा ने "बालाजी मेरे" जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। इसके उपरांत बाबा का पच्चीसा हुआ तथा श्री सीताराम जी, श्री बालाजी महाराज एवं श्री भैरव बाबा की भव्य आरती संपन्न हुई। आरती के छींटे देने एवं बाबा को भोग अर्पित करने के पश्चात श्रद्धालुओं के मध्य प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, आयुष अरोड़ा, आशीष सिंघल, लवी अरोड़ा, अजय जायसवाल, शिव कुमार, सतीश कुमार, राम अवतार गुप्ता, मुकेश श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, पंडित बिजेंद्र कौशिक, हरिचरण सिंह, अमन श्रीवास्तव, अंश अरोड़ा, बिट्टू अरोड़ा, एडवोकेट सौरभ अग्रवाल, सुरेश मित्तल, कृष्ण छाबड़ा, रोहन भटनागर, सत्यम जायसवाल, आंटू रस्तोगी, उमाशंकर एवं सोनू कोली सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं सैकड़ों श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

# स्टार्ट इंस्टीट्यूट में मनाया गया मानसिक स्वास्थ्य दिवस

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के तत्वावधान में जन कल्याण एवं बाल विकास संस्था द्वारा संचालित स्टार्ट इंस्टीट्यूट में मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा उनके मानसिक और भावनात्मक विकास को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रतिनिधि एवं पीएलवी कंचन ने बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों के साथ संवाद करते हुए मानसिक रूप से स्वस्थ रहने, तनाव से बचाव तथा सकारात्मक सोच के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। आदित्य सक्सेना ने मानसिक स्वास्थ्य विषय पर प्रभावशाली भाषण



दिया, जबकि दिशा माथुर ने मधुर गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों की सराहना प्राप्त की। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में संस्थान की समन्वयक शकुंतला मेहता, पीएलवी कंचन, प्रभा, सोनी, सुशील शर्मा, पूजा, भारती शर्मा, कोमल, संगीता सरकार सहित संस्थान के बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और सकारात्मक दृष्टिकोणका संदेश दिया गया।

# मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष पूजा अर्चना

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा और सुशासन को समर्पित 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को रुद्रपुर स्थित प्राचीन अटरिया मंदिर में विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और राष्ट्र निर्माण के उनके संकल्पों की सफलता के लिए माता रानी के चरणों में प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति, उत्तराखंड सरकार के उपाध्यक्ष एवं दर्जा राज्य मंत्री रामपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर नई पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित, युवा उत्थान और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक कार्य हुए हैं।



आज देश विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। भाजपा जिला सह प्रभारी काशीपुर भारत भूषण चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की राजनीति को नई दिशा प्रदान की है। उनके नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मोदी का 12 वर्षों का कार्यकाल देश के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान मनदीप वर्मा, राधेश शर्मा, ममता जीना, अंजू सिंह, पूरन पांडेय, अमित गौड़, विकास सैनी, संजय कुमार, विशाल सिंह, सतपाल सिंह, दीपक कुमार सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर में हुआ बाबाका चोला श्रृंगार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गल्ला मंडी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर में भाजपा नेता पवन अग्रवाल के परिवार की ओर से पंचमुखी हनुमान जी का विधि विधान के साथ चोला श्रृंगार कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की तथा बाबा को चोला अर्पित कर सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। कार्यक्रम के दौरान भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के जयकारों के साथ भजनों का आनंद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष गुलशन नारंग, गगन वाधवा, सर्वेश मौर्य, शिवांश अग्रवाल, प्रियांश अग्रवाल, अधिवक्ता प्रमोद मित्तल, मनीष मित्तल, सुनील पचौरी, अनुराग, अशोक राजपूत, अजय फुटेला, राजकुमार सिकरी, मनोज अरोड़ा, चंद्रपाल शर्मा, मनीष शर्मा, अरविंद अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, कमल सोनकर, चेतन ग्रोवर, मंजू अग्रवाल, पूजा मित्तल, ज्योति गर्ग, अनू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।




SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • स्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश





गुरू मां

# Guru Maa Enterprises

RUDRAPUR - 9927882338, KASHIPUR- Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555, HALDWANI - Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, Punjab Electronics - 9837040878, GEE AAR Elc- 9719077772, Hitesh Electricals- 9897894211, Bunty Mobile- 7500000266, SAMBHAL - Aiaza Mart- 9837254639, GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544, LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, KOTDWAR - Shree Keshav Electronics- 9205867411, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.




"प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल उत्तराखण्ड के विकास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। विगत 12 वर्षों में उत्तराखण्ड में हर तरह की कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। अब प्रदेश के किसी भी हिस्से से कुछ घंटों में बड़े शहरों तक पहुंच संभव है। राज्य सरकार भी प्रदेश में हर तरह के यातायात साधन विकसित करने का प्रयास कर रही है।"

**पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## गर्वित भारत उत्तराखण्ड
### विकसित भारत @ 2047

"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।"

**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री



## डबल इंजन की डबल रफ़्तार

- गौरीकुण्ड से केदारनाथ एवं गोविन्दघाट से हेमकुण्ड साहिब तक रोपवे निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास।
- सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किमी रोपवे का 4,081 करोड़ रुपये की लागत एवं गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक 12.4 किलोमीटर रोपवे का 2,730 करोड़ रुपये की लागत से होगा निर्माण।
- ₹12,000 करोड़ से अधिक की लागत से चार धाम को जोड़ा गया ऑल वेदर सड़क से, जिससे पहाड़ों का सफर हुआ सुगम।
- देहरादून एयरपोर्ट में अतिरिक्त टर्मिनल का निर्माण किया गया है। देहरादून एयरपोर्ट से भारत के अधिकतर शहरों में यथा-अहमदाबाद, भुवनेश्वर बैंगलोर, मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, शमशाबाद, जयपुर, लखनऊ, पुणे, कुल्लू आदि शहरों में नियमित हवाई सेवायें प्रारम्भ हैं।
- उत्तराखण्ड को दो वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात। देहरादून से दिल्ली एवं देहरादून से लखनऊ का सफर हुआ आसान।
- लालकुआं से अमृतसर जंक्शन एवं देहरादून से टनकपुर के लिए ट्रेन संचालन को मिली मंजूरी।
- राज्य में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य तेज गति से गतिमान। अब तक 72.5 प्रतिशत कार्य हुआ पूर्ण।
- टनकपुर-बागेश्वर रेल मार्ग के सर्वेक्षण को स्वीकृति प्रदान। परियोजना की डीपीआर पर तेजी से कार्य जारी।
- केंद्रीय बजट 2026-27 में उत्तराखण्ड को रेल बजट के अंतर्गत आबंटन हुए ₹4,769 करोड़।
- देहरादून शहर में बढ़ते यातायात दवाब को कम करने हेतु प्रस्तावित रिस्पना एवं बिन्दाल ऐलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना के निर्माण को मंजूरी।
- केंद्र सरकार से 12.67 किमी ऋषिकेश बाईपास 4-लेन के निर्माण के लिए ₹1105 करोड़ की मिली मंजूरी।
- प्रधानमंत्री ने ₹ 11,963 करोड़ से बने 210 किमी लंबे, दिल्ली -देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का किया लोकार्पण।
- केन्द्र के सहयोग से सितारगंज-टनकपुर, पॉटा साहिब-देहरादून, भानियावाला-ऋषिकेश, काठगोदाम-लालकुआं-हल्द्वानी बाईपास तथा रुद्रपुर बाईपास परियोजनाओं पर कार्य जारी।
- राज्य के तीन बड़े एयरपोर्ट जौलीग्रांट, पंतनगर और पिथौरागढ़ का हुआ विस्तार।
- केन्द्र सरकार की "उड़ान योजना" के तहत प्रदेश में 18 हेलीपोर्ट किये जा रहे विकसित, जिनमें 12 पर सेवाएं प्रारंभ।

## अमृत काल के पंच प्रण

- विकसित भारत
- गुलामी की मानसिकता से मुक्ति
- विरासत पर गर्व
- एकता
- नागरिक कर्तव्य

## कनेक्टिविटी से अर्थव्यवस्था को मिल रही मजबूती

### 1.6+ करोड़
**लोगों ने UDAN की 3 लाख से अधिक फ्लाइट में की यात्रा**
- हवाई चप्पल वाले के लिए भी हवाई जहाज तक का सफर हुआ आसान
- 'उड़े देश का आम नागरिक' (UDAN) का सपना हो रहा साकार
- उड़ान योजना से कम खर्च पर मध्यम वर्ग को मिला हवाई यात्रा का विकल्प

### रेल, रोड, एयर
**कनेक्टिविटी अब हमारे नॉर्थ-ईस्ट में**
- मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश रेल नेटवर्क से पहली बार जुड़े
- सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश को पहली बार मिली एयर कनेक्टिविटी
- राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई बढ़कर 16, 200+ किमी हुई

### FASTag
**जहां रुकावट थी, वहां रफ्तार है**
- FASTag से प्रतीक्षा समय में 93% की कमी
- FASTag ने इंतजार के समय को 12 मिनट से घटाकर 47 सेकंड से भी कम कर दिया
- जिससे हर साल ईंधन में करोड़ों रुपये की बचत हुई

### स्पीड और स्केल
**से आगे बढ़ता भारत**
- अटल सेतु, सुदर्शन सेतु, चिनाब रेल ब्रिज, बोगीबील पुल, अटल टनल, पंबन समुद्री पुल जैसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण

### देश ने पकड़ी अब तेज़ रफ़्तार
**2014 तक 1248 किमी मेट्रो नेटवर्क**

पिछले 12 सालों में 1, 155 किमी का मेट्रो नेटवर्क

मेट्रो पहले - 5 शहरों में अब - 26 शहरों में

### 9 करोड़ +
**यात्रियों ने की आधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस की यात्रा**
- 164 ट्रेन चल रही हैं
- आसान हुई रेल यात्रा, बनी लोगों की पसंद
- स्वदेशी, गति और सुविधा की त्रिवेणी




सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## धोखाधड़ी का संजाल

बैंक के भीतर ही जब धोखाधड़ी का रास्ता बन जाए, तो साइबर अपराध पर अंकुश कैसे लगेगा? सुरक्षा एजेंसियों के तमाम दावों के बावजूद साइबर ठगी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। अपराधी ऑनलाइन माध्यम से धोखाधड़ी के नए–नए तरीके ईजाद कर रहे हैंइस संजाल की जड़ें इतनी गहरी हैं कि अपराधियों तक पहुंचना जांच एजेंसियों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। ऐसे में अगर बैंक या किसी अन्य संबंधित महकमे के अधिकारी एवं कर्मचारी भी सांठगांठ में शामिल हों, तो मामला और पेचीदा हो जाता है।राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के न्यू कोंडली इलाके में पुलिस ने ऐसे ही मामले में एक सहकारी बैंक के उप प्रबंधक को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी कमीशन पर खाते खुलवाने और उनका संचालन करने में मदद करता था। साइबर अपराधी बैंक में किसी और के नाम से इस तरह के खाते खुलवाते हैं और फिर ठगी के जरिए उसमें आई रकम को दूसरे खाते में भेज देते हैं। सवाल है कि जब सरकारी तंत्र में शामिल कर्मी ही इस तरह की गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल हों, तो फिर अपराध पर अंकुश कैसे लग पाएगा?गौरतलब है कि देश भर में साइबर ठगी के मामले साल दर साल बढ़ते जा रहे हैं। अपराधी वित्तीय धोखाधड़ी के लिए 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे तरीकों का इस्तेमाल करते हैं, जिस पर सर्वोच्च न्यायालय भी गंभीर चिंता जाहिर कर चुका है। ताजा मामला भी तभी पकड़ में आया, जब राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की जांच का मिलान किया गया। दरअसल, देश के कई हिस्सों में दर्ज साइबर ठगी की 159 शिकायतों में यह खाता शामिल पाया गया, जिससे करीब 67 करोड़ रुपए का लेन–देन हुआ है।इस साजिश से पता चलता है कि देश में ऑनलाइन धोखाधड़ी का संजाल कहां तक फैला हुआ है। जांच में सामने आया है कि जिसने यह खाता खुलवाया था, वह कभी उस बैंक की शाखा में गया ही नहीं। जाहिर है कि किसी बैंक कर्मी की मदद के बिना यह संभव नहीं है। मगर सवाल यह भी है कि इस खाते से जब करोड़ों रुपए का लेन–देन हो रहा था, तो दूसरे अधिकारियों ने इसकी जांच की जरूरत क्यों नहीं समझी? ऐसे में जरूरी है कि साइबर ठगी के मामलों में बैंक अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए। बेंगलुरु पुलिस ने मंगलवार को दो ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने सोशल मीडिया पर एक महिला से पहले दोस्ती की और फिर धमकी देकर उससे सोने के गहने और नकद रकम हड़प लिए। दोनों के बीच संपर्क स्नैपचौट के जरिए शुरू हुआ था। शुरू में यह दोस्ती सामान्य लग रही थी, लेकिन धीरे–धीरे यह मानसिक दबाव और ब्लैकमेल तक पहुंच गई।

# विभिन्न होटलों एवं गेस्ट हाउसों का निरीक्षण किया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नैनीताल के निर्देश पर जनसुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा मानकों की जांच के लिए गठित संयुक्त समिति ने बुधवार को हल्द्वानी और काठगोदाम क्षेत्र के विभिन्न होटलों एवं गेस्ट हाउसों का निरीक्षण किया। निरीक्षण अभियान में राजस्व, अग्निशमन, पर्यटन तथा पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल रहे। संयुक्त टीम ने नैनीताल रोड स्थित होटल कुटुम्ब और होटल इमपिरियो के साथ ही काठगोदाम स्थित होटल रेडियम तथा एन. जेड. गेस्ट हाउस का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अग्निशमन विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र, अग्निशमन



उपकरणों की उपलब्धता एवं कार्यशीलता, आपातकालीन निकास मार्ग, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था, जल भंडारण, अग्निशमन के लिए जल उपलब्धता, पार्किंग व्यवस्था तथा अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान समिति ने प्रतिष्ठानों के अभिलेखों का भी परीक्षण किया। जांच में कई स्थानों पर अग्नि सुरक्षा संबंधी कमियां और अभिलेखीय त्रुटियां पाई गईं, जिसके चलते संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि दो होटलों का पर्यटन विभाग में पंजीकरण नहीं था। इस पर पर्यटन विभाग की ओर से तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कदम उठाए गए। संयुक्त समिति ने स्पष्ट किया कि जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऐसे निरीक्षण अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे तथा सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व विधायक शुक्ला ने वृद्ध महिला को पहुंचाया अस्पताल

किच्छा। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला द्वारा चलाए जा रहे नियमित प्रात:कालीन जनसंपर्क अभियान के दौरान आज मानवता और जनसेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला। जनसंपर्क के क्रम में जब पूर्व विधायक राजेश शुक्ला प्रतापपुर कॉलोनी पहुंचे और क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुन रहे थे, तभी वहां रहने वाली लगभग 70 वर्षीय वृद्ध महिला रामवती पत्नी श्रीकृष्ण कुमार ने अपनी गंभीर स्वास्थ्य समस्या उनके समक्ष रखी।वृद्धा रामवती ने बताया कि वह पिछले कुछ समय से चलने–फिरने में असमर्थ हैं तथा आज अचानक उनकी तबीयत अधिक खराब हो गई है। उन्होंने



भावुक होकर बताया कि उनके बेटे मजदूरी करने चले गए हैं और घर में केवल उनके बुजुर्ग पति हैं, जिसके कारण उन्हें अस्पताल ले जाने वाला कोई नहीं है। अपनी पीड़ा बताते हुए वृद्ध महिला की आंखें नम हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने बिना किसी विलंब के मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया और स्वयं वृद्ध महिला को अपनी गाड़ी में बैठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां उन्होंने चिकित्साधीक्षक डॉ. मनोज तिवारी से संपर्क कर महिला की स्वास्थ्य स्थिति से अवगत कराया। डॉ. मनोज तिवारी ने तत्काल वृद्ध महिला का परीक्षण कर आवश्यक उपचार शुरू कराया तथा बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि जनता की सेवा ही उनके जीवन का उद्देश्य है और क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति स्वयं को अकेला न समझे। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों, जरूरतमंदों और असहाय लोगों की सहायता करना समाज का नैतिक दायित्व है तथा जनप्रतिनिधि होने के नाते वह सदैव जनता के सुख–दुख में उनके साथ खड़े हैं।

# राष्ट्रीय महासचिव शिल्पी अरोड़ा ने सीएम शिवकुमार का किया स्वागत

गदरपुर/नई दिल्ली । अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव शिल्पी अरोड़ा ने नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री डी.के. शिवकुमार का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। शिल्पी अरोड़ा ने कहा कि श्री डी.के. शिवकुमार एक अनुभवी, कर्मठ और



जनप्रिय नेता हैं, जिनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी और अधिक मजबूत होगी तथा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री के रूप में डी.के. शिवकुमार के नेतृत्व में सुशासन,सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण और समावेशी विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा महिलाओं,युवाओं, किसानों और समाज के वंचित वर्गों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी इसी दिशा में कार्य करती रहेगी। शिल्पी अरोड़ा ने मुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# मानसून से पूर्व नहरों और नालों की सफाई का लिया जायजा

गदरपुर। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में बुधवार को सिंचाई विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारियों के साथ नगर क्षेत्र में नहरों और नालों की सफाई व्यवस्था का उपजिला अधिकारी रिचा सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन



स्थानों का विशेष रूप से जायजा लिया गया, जहां बरसात के समय जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। रिचा सिंह द्वारा नहरों, नालों एवं जल निकासी मार्गों की स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों को सफाई कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा गया कि मानसून शुरू होने से पहले सभी नालों और नहरों की प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सफाई कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त संसाधन लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर सफाई अभियान पूरा करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मानसून के दौरान नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा को प्राथमिकता देते हुए जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लगातार निगरानी रखी जाएगी। इस दौरान तहसीलदार देवेंद्र बिष्ट भी मौजूद रहे।

# स्व. संदीप संधू की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित

रुद्रपुर । छात्र नेता स्वर्गीय संदीप संधू की स्मृति में 15वां रक्तदान शिविर किच्छा रोड स्थित सरकारी ब्लड बैंक में आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान कर स्व. संदीप संधू को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए आगे आए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पहुंचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और स्व. संदीप संधू को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को



नया जीवन देने का माध्यम बन सकता है। शिविर के दौरान रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। आयोजकों ने कहा कि स्व. संदीप संधू की स्मृति में प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग भाग लेकर मानवता की सेवा का संदेश देते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य बिलासपुर लखबीर सिंह लक्खा, पार्षद गौरव खुराना, पार्षद सौरभ शर्मा, जावेद अख्तर, रमित रजवार, प्रकाश गुप्ता, हरपाल सिंह, सुखविंदर सिंह, चमन लाल, परवीन, परवीन यादव, आशीष यादव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा: अंजू भुड्डी

गदरपुर (संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 12 वर्ष से अधिक समय तक देश का नेतृत्व करने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा गदरपुर मंडल की ओर से श्री सनातन धर्म मंदिर, बुध बाजार में विशेष पूजा अर्चना एवं संध्या आरती का मोर्चा की कुमाऊं संयोजक अंजू भुड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ योजनाओं ने भारत को नई दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भारत विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल होगा और विश्व गुरु के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन द्वारा प्रधानमंत्री के सेवा, सुशासन और



गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर को जनसंपर्क और जनजागरण अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में महिला मोर्चा द्वारा मंदिर में पूजा अर्चना कर राष्ट्र की प्रगति और प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई है। इस अवसर आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम के समापन पर महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने मिठाई वितरित कर खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व पालिका अध्यक्ष एवं भाजपा महिला समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचा है। अंजू भुड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान स्थापित करने में सफल रहा है। आधारभूत ढांचे के विकास, महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, डिजिटल क्रांति, आत्मनिर्भर भारत और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी पर भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूनम ग्रोवर, मंडल मंत्री रेनू बिष्ट, मानसी शर्मा, मंडल महामंत्री लक्ष्मी चौहान, जिला कार्यकारिणी सदस्य सीमा चौधरी, बबली शर्मा, सुदेश परुथी, योजना शिल्पी, राधिका शर्मा, सुनीता बजाज, पूनम संतोष सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# पीएम मोदी के 12 वर्ष विकास, सुशासन और गरीब कल्याण का स्वर्णिम काल : अजय भट्ट

रुद्रपुर (संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री तथा नैनीताल ऊधमसिंह नगर लोकसभा सांसद अजय भट्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर देशवासियों और



प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, गरीब कल्याण और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, मुद्रा योजना, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड और विशेष रूप से कुमाऊं क्षेत्र को विकास की अनेक महत्वपूर्ण सौगातें मिली हैं। लंबे समय से लंबित जमरानी बहुउद्देशीय बांध परियोजना को स्वीकृति मिलने से क्षेत्र की सिंचाई, पेयजल और कृषि संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त हुआ है। वहीं किच्छा में एम्स सैटेलाइट सेंटर की स्थापना से कुमाऊं मंडल के लाखों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सांसद भट्ट ने कहा कि हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज के सुदृढ़ीकरण, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण, वंदे भारत ट्रेनों के विस्तार, राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण, चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना, ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना, जल जीवन मिशन तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी परियोजनाओं ने राज्य के विकास को नई गति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि नैनीताल ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र में सड़क, रेल, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, आवास और ग्रामीण विकास से जुड़ी अनेक योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचा है। किसानों, महिलाओं, युवाओं, व्यापारियों और गरीब वर्ग के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं ने क्षेत्र के विकास को नई दिशा दी है। अजय भट्ट ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है।


**सूचना सम्बंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा पुत्र रविद्र सिंह व उसकी पत्नी श्रीमती रिचा कौर मेरा कहना नहीं मानते हैं। आये दिन घर में परिजनों से झगड़ा व कलह करते हैं जिस कारण मैंने अपने पुत्र रविद्र सिंह व उसकी पत्नी श्रीमती रिचा कौर से पारिवारिक सम्बंध विच्छेद करते हुए उन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में पुत्र रविद्र सिंह व उसकी पत्नी श्रीमती रिचा कौर द्वारा किये गये किसी भी कार्य, देनदारी व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होंगे। हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**गुरचरन सिंह पुत्र श्री ईश्वर सिंह**
**निवासी- बिन्दुखेड़ा, पोस्ट दानपुर, रूद्रपुर ( ऊधमसिंह नगर )**

# जनसंवाद अभियान में बेहड़ ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

## विकास कार्यों का किया लोकार्पण, भंगा में दो किमी सड़क डामरीकरण की घोषणा

किच्छा(संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने ग्रामीण जनसंवाद अभियान के तीसरे दिन क्षेत्र के छह ग्रामों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न गांवों में पहुंचने पर विधायक का फूल मालाओं से स्वागत किया। ग्रामीण जनसंवाद कार्यक्रम के तहत विधायक बेहड़ भगवानपुर, बखपुर, धाधा फार्म, शंकर फार्म, भंगा और सतुइया गांव पहुंचे तथा ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए अधिकांश मामलों का मौके पर ही समाधान कराया, जबकि शेष समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्राम भगवानपुर में लगभग नौ लाख रुपये की लागत से निर्मित करीब 175 मीटर लंबाई की पांच संपर्क सड़कों का लोकार्पण किया। वहीं ग्राम सतुइया में होली से रामगोपाल के घर तक विधायक निधि से लगभग 1.34 लाख रुपये की लागत से निर्मित सीसी सड़क का



भी उद्घाटन किया। विकास कार्यों के लोकार्पण पर ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड़ ने ग्राम भंगा में मुख्य सड़क के लगभग दो किलोमीटर डामरीकरण कार्य को वर्तमान वित्तीय वर्ष में कराए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव में आवश्यकता के अनुसार छोटी संपर्क सड़कों और आंतरिक मार्गों का निर्माण भी चरणबद्ध तरीके से कराया जाएगा। लोकार्पण कार्यक्रम के बाद विधायक बेहड़ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसंवाद अभियान के माध्यम से गांव गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनी जा रही हैं और उनके समाधान के लिए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वीकृत सभी विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा तथा जिन गांवों में अभी आधारभूत सुविधाओं की कमी है, वहां भी प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जाएंगे। कोई भी गांव विकास से वंचित नहीं रहेगा। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन सिंधी, जिला पंचायत सदस्य प्रेम आर्य, गुरदास कालड़ा, ग्राम प्रधान तुलसी देवी, अरुण शुक्ला, सुंदर सिंह, आफाक खान, योगेंद्र योगी, राजेंद्र प्रजापति, सुनीता कश्यप, गीता कुमारी, डॉ. तिर्मल गंगवार, विशंभर गंगवार, इमरान अहमद, प्रदीप कश्यप, सुरेश कश्यप, सोहेल, जगलाल सक्सेना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# डा. पंत ने टांडा जंगल में कराई पशुओं के लिये पानी की व्यवस्था

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी/पर्यावरणविद डा. आशुतोष पंत द्वारा हल्द्वानी से रुद्रपुर के बीच टांडा जंगल में जंगली पशुओं के लिये पानी की व्यवस्था करने के उद्देश्य से सीमेंट से निर्मित 20 हौदियां लगाई गईं। इनमें कुल 3000 लीटर से अधिक पानी आ जाएगा जो जंगली जानवरों की प्यास बुझाने में कुछ मदद करेगा। डा. पंत ने बताया कि वैसे तो जंगल में खूब पानी रहता है लेकिन गर्मियों में जानवर पानी की एक एक बूंद को तरस जाते हैं। कुछ इसी तरह के वीडियो देखकर उनके मन में आया कि इनके लिए कोई व्यवस्था करनी चाहिएघ्। उन्होंने बताया उनके पिता स्व. सुशील चंद्र पंत जी हमेशा सेवा करने की सीख देते थे तो उनकी स्मृति में जानवरों के लिये कुछ करने का सोचा। टांडा के रेंजर रूप नारायण गौतम से बात की तो उन्होंने यहां पानी के पात्र रखने की इजाजत दी साथ ही सहयोग का आश्वासन भी दिया। जिसके पश्चात सीमेंट से बने कई मजबूत पात्र जमीन में गाड़ दिए गए हैं जिनके कई साल चलने की उम्मीद है। डा. ने इस सहयोग के लिए रेंजर रूप नारायण गौतम, डिप्टी रेंजर वीरेंद्र पड़ियार, राकेश पन्त, शशि वर्धन अधिकारी और वन कर्मियों का आभार व्यक्त किया है।



# कुरैया ग्रामसभा की उपेक्षा के खिलाफ दिया धरना

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्रामसभा कुरैया के विकास कार्यों में हो रही निरन्तर उपेक्षा के विरोध में क्षेत्र पंचायत सदस्य शिवानी सुखीजा के प्रतिनिधि शुभम सुखीजा के नेतृत्व में ग्रामवासियों ने विकास भवन परिसर में ब्लॉक प्रमुख की विरुद्ध नारेबाजी कर प्रदर्शन के साथ धरना दिया। शुभम का आरोप है कि ब्लॉक प्रमुख का निर्वाचन हुए एक वर्ष का समय व्यतीत हो गया है लेकिन ग्रामसभा कुरैया में विकास कार्यों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा



कि बीडीसी की बैठक में ग्रामसभा के लिए कई विकास कार्यों के प्रस्ताव रखे जा चुके हैं। लेकिन कार्य प्रारम्भ नहीं किए जा रहे। उन्होंने बताया कि इस सन्दर्भ में उन्होंने स्वयं ब्लॉक प्रमुख के पति से ब्लॉक कार्यालय में कई बार मुलाकात की । उनके द्वारा हर बार सिर्फ आश्वासन ही दिए गए। श्री सुखीजा ने आरोप लगाते हुए कहा कि ब्लॉक कार्यालय के सौंदर्यीकरण में करीब बीस लाख रुपए व्यय कर दिए गए। जिसकी कोई आवश्यकता नहीं थी। यह धनराशि विकास कार्यों में लगाई जाती तो बेहतर होता। उन्होंने कहा कि ब्लॉक प्रमुख पति उनसे कहते हैं कि क्षेत्र में विकास कराने के लिए राजेश शुक्ला से कहलवाओ। ऐसा कहकर वह श्री शुक्ला को बदनाम कर रहे हैं। श्री सुखीजा ने कहा कि यदि ग्रामसभा कुरैया में विकास कार्य शीघ्र शुरू नहीं किए गए तो क्षेत्र के ग्रामीण आंदोलन तेज करने को बाध्य होंगे। इस दौरान राजीव मुंजाल, अजय शर्मा, दीपक सुखीजा, गुरवंत सिंह, गगन सुधा, शिवम, राजाराम, सोनू राजपूत, मनदीप सिंह, सागर कुमार व शिवम चावला आदि मौजूद थे।

# पांच दिवसीय मोटापा रोग निवारण शिविर का शुभारंभ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पांच दिवसीय मोटापा रोग निवारण शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना के साथ किया गया। शिविर के पहले दिन प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। शिविर में प्रभावशाली सूक्ष्म क्रियाएं, ताड़ासन, त्रिकोणासन, सूर्य नमस्कार, कमर चक्रासन, कोणासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, मण्डूकासन, मकरासन, शलभासन, भुजंगासन, सर्पासन, योग निद्रा, प्राणायाम तथा ध्यान क्रियाएं कराई गईं। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास और संतुलित जीवनशैली से मोटापे सहित अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर भारतीय योग संस्थान जिला इकाई रुद्रपुर के जिला प्रधान रमेश गंगवार, जिला मंत्री चौधरी महावीर सिंह, वी.एस. त्रिपाठी, विपिन कुमार शर्मा, सुरेश अग्रवाल, कमला सिंह, मंजुल गंगवार, नीलम अग्रवाल, सरिता सिंह, सुखवीर सिंह, प्रदीप तिवारी, डॉ. उदय शंकर, डॉ. रेखा यादव, सुमन यादव तथा ग्रीन पार्क सोसायटी के अध्यक्ष गुरमेल सिंह सहित अनेक लोगों ने भाग लिया। शिविर में वीना चड्ढा, विमला बंसल, तुलसी राम वर्मा समेत बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि शिविर के आगामी दिनों में भी विभिन्न योग क्रियाओं एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।





# टाटा मोटर्स फाउंडेशन की पहल से 5 हजार लोगों के जीवन में बदलाव

गदरपुर (उद संवाददाता)। टाटा मोटर्स फाउंडेशन के इंटीग्रेटेड विलेज डेवलपमेंट प्रोग्राम (आईवीडीपी) ने ऊधम सिंह नगर जिले की खटोला ग्राम पंचायत में सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की नई मिसाल पेश की है। फाउंडेशन के अनुसार इस पहल से अब तक करीब 5 हजार लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। गदरपुर ब्लॉक स्थित खटोला ग्राम पंचायत में लगभग एक हजार परिवार निवास करते हैं, जिनमें अधिकांश छोटे और सीमांत किसान हैं। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सिंचाई सुविधाओं और बेहतर बाजार संपर्क की कमी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता रहा है। वहीं महिलाओं और युवाओं के लिए स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के सीमित अवसर भी ग्रामीण विकास में बाधा बने हुए थे। इन चुनौतियों को देखते हुए टाटा मोटर्स फाउंडेशन ने जिला प्रशासन और इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट के सहयोग से इंटीग्रेटेड विलेज डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू किया। कार्यक्रम के तहत जलवायु अनुकूल एवं लाभकारी खेती को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने, स्वच्छता एवं जल प्रबंधन में सुधार, शिक्षा और डिजिटल साक्षरता को मजबूत करने तथा महिलाओं को



कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। टाटा मोटर्स फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनोद कुलकर्णी ने कहा कि यह कार्यक्रम इस बात का उदाहरण है कि सरकारी योजनाओं, सार्वजनिक निजी सहभागिता और समुदाय की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक बदलाव संभव है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के पहले ही वर्ष में खटोला ग्राम पंचायत के हजारों लोगों को इसका लाभ मिला है, जो जिला प्रशासन, सहयोगी संस्थाओं और स्थानीय समुदाय के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। कार्यक्रम के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए खटोला ग्राम पंचायत के चार गांवों में से एक गांव का चयन मुख्यमंत्री आदर्श गांव योजना के तहत किया गया है। इसके अलावा पंचायत को वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए भी चयनित किया गया है। वर्ष 2018 में शुरू हुआ यह कार्यक्रम आज ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भरता के एक सफल मॉडल के रूप में स्थापित हो चुका है। कार्यक्रम के तहत सौर संचालित सिंचाई पंप लगाए जाने से किसानों की डीजल और बिजली पर होने वाली लागत में 80 से 100 प्रतिशत तक कमी आई है। इससे किसानों को प्रति एकड़ प्रति फसल सीजन 30 हजार से 90 हजार रुपये तक की बचत हो रही है। स्वास्थ्य जांच अभियानों के दौरान 65 से 70 प्रतिशत महिलाओं में एनीमिया की पहचान की गई, जिससे समय पर उपचार और स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को कम करने में मदद मिली। इसके अलावा लगभग 600 परिवारों को सुरक्षित पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी कार्यक्रम ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। महिलाओं द्वारा संचालित छोटे उद्यमों ने सामूहिक रूप से लगभग तीन लाख रुपये की वार्षिक आय अर्जित की है।

## पेज एक का शेष...

**पंतनगर में बेदखली नोटिस...**लोगों को नोटिस देकर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाना था। जैसे ही टीम ने क्षेत्र में नोटिस चस्पा करने शुरू किए, स्थानीय निवासियों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने एकत्र होकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों का कहना था कि वे लंबे समय से यहां निवास कर रहे हैं और अचानक इस प्रकार की कार्रवाई से हजारों परिवारों के सामने बेघर होने का संकट खड़ा हो सकता है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि किसी भी कार्रवाई से पहले पुनर्वास और वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मौके पर पहुंचे विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि गरीब और मेहनतकश परिवारों को बिना उचित व्यवस्था के उजाड़ने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि वर्षों से रह रहे लोगों की समस्याओं और मानवीय पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। विधायक ने कहा कि जनता के हितों की रक्षा उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है और किसी भी परिवार के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। विधायक ने प्रशासन से मांग की कि संबंधित परिवारों को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया जाए तथा किसी भी निर्णय से पहले जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास और कानून व्यवस्था जरूरी है, लेकिन इसके साथ मानवता और सामाजिक सरोकारों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कार्रवाई को रोकने की मांग की। बढ़ते विरोध और तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए प्रशासनिक टीम ने स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए मौके से वापस लौटना उचित समझा। इस पूरे घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेंगे, जबकि प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि कार्रवाई पूरी तरह नियमानुसार की जा रही है और आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा।

**बार बार पूछने पर भी...**का समुचित अध्ययन नहीं किया था, तो उन्हें अदालत में भेजने का उद्देश्य क्या था। कोर्ट ने टिप्पणी की कि महत्वपूर्ण मामलों में अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ न्यायालय के समक्ष उपस्थित होना चाहिए। सूत्रों के अनुसार न्यायालय ने जब अपनी नाराजगी आदेश में दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की तो अधिकारी की ओर से क्षमायाचना की गई। वहीं सरकारी अधिवक्ता ने भी न्यायालय से उदार रुख अपनाने का अनुरोध किया। जिसके बाद न्यायालय ने पूरे मामले पर विचार करने की बात कहते हुए सुनवाई आगे बढ़ा दी। सुनवाई के बाद इस बात की चर्चा रही कि अदालत में रिकॉर्ड तो पहुंच गया, लेकिन रिकॉर्ड पर सवाल उठे तो अधिकारी की खामोशी ही सबसे ज्यादा चर्चा का विषय बन गई। मामले की अगली सुनवाई अब 16 जून को होगी, जिस पर सभी संबंधित पक्षों की निगाहें टिकी हुई हैं।

**स्पा सेंटर व बार संचालक...**सामने आई। प्रारंभिक जांच में संभावना जताई जा रही है कार के एयर बैग को होल्ड करने वाली रॉड या कोई नट संजय शर्मा के सीने में घुसा है। जिससे गंभीर घाव हो गया। जानकार इसे एयर बैग की तकनीकी कमी भी मान रहे हैं। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त कार संख्या यूके 07एबी 5521 की बारीकी से जांच कर रही है । सूत्रों के अनुसार, हादसा इतना भीषण था कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला चिकित्सालय में एक्सरे कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अब सभी की निगाहें एक्सरे और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी हुई हैं, जिससे मौत के वास्तविक कारण और सीने में मिले गहरे घाव की सच्चाई सामने आ सकेगी। फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच में जुटी हुई है। फोरेसिंक टीम भी मामले की जांच कर रही है।

**हॉस्टल में भेजन के ...** लेते हुए संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने छात्रावास में परोसे गए भोजन और उपयोग की गई खाद्य सामग्री की जांच कराने के निर्देश भी दिए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि छात्रों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। घटना के कारणों की जांच कराई जा रही है और रिपोर्ट मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**सियासत से बचाने ...**को कुछ लोग जनहित का नाम देते रहे, वह धीरे-धीरे व्यक्तिगत राजनीतिक अस्तित्व बचाने की लड़ाई बनती चली गई। आज हालात यह हैं कि जनता पूछ रही है कि आखिर एक व्यक्ति की राजनीतिक महत्वाकांक्षा और जिद की कीमत पूरा शहर कब तक चुकाएगा? किसी ने व्यंग्य में खूब कहाख्र "साहब अपनी सियासत बचाने निकले थे, मगर शहर अपना चेयरमैन ही गंवा बैठा।"

**एनडीए कान्क्लेव में...**नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने उत्तराखंड के प्रति प्रधानमंत्री के विशेष स्नेह और सहयोग के लिए भी आभार जताया।एनडीए कॉन्क्लेव के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने अन्य वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात की। राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**सड़क पार करते...**में कोहराम मचा हुआ है। समाचार लिखे जाने तक परिजनों की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी। सूचना पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित तमाम लोगों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जिद का जहर : एक सनक और पूरे शहर पर मंडराता बुलडोजर

## "जिन्हें अपने घर की रोशनी कम लगती है, वे अक्सर पूरे शहर में आग लगाने की सोच बैठते हैं"

ऊधमसिंहनगर। किच्छा की राजनीतिक गलियों में इन दिनों एक ही चर्चा है। चर्चा उस जिद की, जिसने वर्षों से सो रहे अतिक्रमण के जिन्न को फिर से जगा दिया है। ऐसा जिन्न, जिसे छेड़ने से अब तक सरकारें, अधिकारी और बड़े-बड़े जनप्रतिनिधि भी बचते रहे। लेकिन अब नेता जी की राजनीतिक महत्वाकांक्षा और चर्चा में बने रहने की चाहत ने पूरे शहर को असमंजस और चिंता में डाल दिया है। कहा जा रहा है कि जब जनहित के मुद्दों पर संघर्ष कर पहचान बनाना कठिन लगने लगे, तब कुछ लोग विकास की राजनीति नहीं, बल्कि विवाद की राजनीति का रास्ता चुन लेते हैं। शहर में चर्चा है कि लंबे समय से राजनीतिक सुर्खियों से दूर चल रहे नेता जी ने ऐसा मुद्दा उठा दिया है, जिसकी चिंगारी हजारों परिवारों के आशियानों तक पहुंच सकती है। मकान और दुकानें किसी एक दिन में खड़ी नहीं होतीं। इनके पीछे वर्षों की मेहनत, त्याग और संघर्ष छिपा होता है। कोई बेटी की शादी टालकर पैसे बचाता है, कोई अपने शौक त्याग देता है, तो कोई वर्षों तक बैंक की किश्तें चुकाता है। तब जाकर एक छत तैयार होती है। ऐसे में यदि राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की भेंट चढ़कर लोगों के घर-दुकान खतरे में पड़ जाएं, तो स्वाभाविक रूप से चिंता और भय का माहौल पैदा होता है। चर्चा यह भी है कि शहर के कई सम्मानित नागरिक, व्यापारी, सामाजिक संगठन और शुभचिंतक संबंधित नेता को समझाने पहुंचे। किसी ने संभावित नुकसान का आंकलन बताया, किसी ने सामाजिक प्रभाव समझाया और किसी ने भविष्य में पैदा होने वाले संकटों की ओर ध्यान दिलाया। लेकिन जब व्यक्ति केवल अपनी बात सुनने लगे और दूसरों की सलाह को नजरअंदाज करने लगे, तब संवाद की जगह अहंकार ले लेता है।



इतिहास में सम्राट नीरो का उल्लेख मिलता है, जिसके बारे में कहा जाता है कि जब रोम जल रहा था, तब वह बांसुरी बजा रहा था। शहर के लोग आज उसी उदाहरण को याद कर रहे हैं। उनका कहना है कि जहां एक ओर व्यापारी वर्ग और आम नागरिक भविष्य को लेकर चिंतित हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग अपनी राजनीतिक पटकथा लिखने में व्यस्त दिखाई दे रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस पूरे घटनाक्रम से उन्हें राजनीतिक लाभ मिलेगा, लेकिन जनता सब कुछ देख और समझ रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कानून और प्रशासनिक कार्रवाई किसी की राजनीतिक निष्ठा नहीं देखते। बुलडोजर यह नहीं पूछता कि किसने चुनाव में पोस्टर लगाए थे या किसने मंच से नारे लगाए थे। कार्रवाई यदि होती है तो वह दस्तावेजों और नियमों के आधार पर होती है। ऐसे में आज ताली बजाने वाले लोग भी कल उसी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। सत्ता के आसपास रहने वाले कुछ लोग आज भी इस पूरे घटनाक्रम को ऐतिहासिक निर्णय साबित करने में जुटे हैं। लेकिन इतिहास यह भी बताता है कि सत्ता बदलते ही सबसे पहले वही लोग किनारा कर लेते हैं, जो कल तक सबसे ऊंची आवाज में समर्थन कर रहे होते हैं। दरबारियों की तालियां क्षणिक होती हैं, जबकि जनता का फैसला लंबे समय तक याद रखा जाता है। आज शहर के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या किसी की जिद और राजनीतिक महत्वाकांक्षा की कीमत हजारों परिवार चुकाएंगे? क्या पूरे शहर की शांति और स्थिरता को दांव पर लगाया जा रहा है? क्या वर्षों से शांत पड़े मुद्दे को केवल राजनीतिक लाभ के लिए फिर से हवा दी जा रही है? यदि ऐसा है, तो इतिहास यह जरूर दर्ज करेगा कि शहर को सबसे अधिक नुकसान अतिक्रमण से नहीं, बल्कि अहंकार और जिद की राजनीति से पहुंचा था। और तब यह शेर फिर याद किया जाएगा- "लगा के आग शहर को, बादशाह ने कहा,उठा है दिल में तमाशे का आज शौक बहुत। झुका के सर सभी दरबारी बोल उठे, हुजूर! आपका शौक सलामत रहे, शहर और बहुत।"




# त्रिवेंद्र रावत पर सुरेश कंबोज के गंभीर आरोप

## पूर्व पालिकाध्यक्ष बोले, नोटिस का देंगे कानूनी जवाब
## ढैंचा घोटाले की जांच दबाने का भी लगाया आरोप

गदरपुर (उद संवाददाता)। पूर्व पालिकाध्यक्ष सुरेश कंबोज ने हरिद्वार सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कंबोज ने कहा कि त्रिवेंद्र सिंह रावत की ओर से उनके खिलाफ दिल्ली के तुगलक रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसके संबंध में उन्हें नोटिस प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि नोटिस का जवाब उनके अधिवक्ता के माध्यम से दिया जाएगा। कंबोज ने कहा कि सांसद जैसे महत्वपूर्ण पद पर रहते हुए त्रिवेंद्र सिंह रावत को उत्तराखंड पुलिस पर भरोसा नहीं रहा, इसलिए उन्होंने दिल्ली में शिकायत दर्ज कराकर उन पर मानसिक दबाव बनाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि वह न डरेंगे और न ही दबेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान सुरेश कंबोज ने आरोप लगाया कि उत्तराखंड सरकार में कृषि मंत्री रहते हुए त्रिवेंद्र सिंह रावत के कार्यकाल में ढैंचा घोटाला हुआ था। उन्होंने दावा किया कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट में मामले की ओर संकेत किया गया था, लेकिन प्रभाव के चलते जांच आगे नहीं बढ़ पाई। हालांकि उन्होंने अपने आरोपों के समर्थन में कोई दस्तावेज सार्वजनिक नहीं किया। कंबोज ने कहा कि यदि उनसे किसी प्रकार की कोई गलती हुई भी थी तो बातचीत के माध्यम से उसका समाधान निकाला जा सकता था, लेकिन उनके खिलाफ दिल्ली में शिकायत करना उचित नहीं है। उन्होंने इसे व्यक्तिगत दुर्भावना से प्रेरित कार्रवाई बताया। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि विधायक अरविंद पांडेय और उनके परिवार को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बाजपुर के चर्चित मूर्ति देवी हत्याकांड से जुड़ा मामला वापस लिया गया था। भाजपा में चल रही गुटबाजी और नेताओं के बीच आरोप प्रत्यारोप के सवाल पर सुरेश कंबोज ने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाना केवल उनकी जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं को इसके लिए मिलकर प्रयास करने चाहिए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में नया रिकॉर्ड बनाने पर बधाई दी और कहा कि उनके नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर लगातार मजबूत हो रहा है तथा आने वाले समय में विश्व गुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा।



# बिना पंजीकरण संचालित अस्पताल सील

## वर्ष 2023 में भी इसी अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग ने सील किया था

दिनेशपुर। जिलाधिकारी को मिली शिकायत के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को नगर में संचालित एक निजी अस्पताल पर छापेमारी कर उसे सील कर दिया। जांच के दौरान अस्पताल में कई गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई। अस्पताल के पास आवश्यक पंजीकरण और वैध दस्तावेज नहीं मिले। जानकारी के अनुसार एसडीएम गदरपुर ऋचा सिंह के नेतृत्व में महिला चिकित्सक डॉ. मधु माथुर, डॉ. अंजनी कुमार, तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट, पटवारी नरेंद्र कुमार तथा पुलिस टीम ने श्मशान घाट के निकट संचालित लाइफलाइन अस्पताल में औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान अस्पताल में प्रसव एवं महिलाओं के उपचार से संबंधित कई उपकरण और दवाइयां मिलीं। टीम को महिलाओं के गर्भपात से संबंधित दवाएं भी बरामद हुई।निरीक्षण के समय अस्पताल में कोई महिला चिकित्सक मौजूद नहीं थी। मौके पर मौजूद बीएएमएस चिकित्सक डॉ. असगर अली से अस्पताल के संचालन संबंधी दस्तावेज और पंजीकरण प्रमाणपत्र मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके। अस्पताल के संचालन के लिए आवश्यक अनुमति और पंजीकरण भी नहीं मिला। अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने तत्काल अस्पताल को सील करने के निर्देश दिए। जांच से संबंधित कुछ दस्तावेज भी टीम अपने साथ ले गई है। अधिकारियों ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उक्त अस्पताल वर्ष 2023 में बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित होने पर सीएम पोर्टल की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग ने छापेमारी कर सील कर दिया था। उस समय अस्पताल कर्मियों को छापेमारी की भनक लगने पर अस्पताल पर ताला मार कर आसपास फरार हो गए थे। न्यू लाइफ लाइन के नाम से अस्पताल संचालित हो रहे थे। तत्कालीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनोज शर्मा के निर्देश पर गदरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी निरीक्षक डॉ संजीव सरना के नेतृत्व में छापेमारी की गई थी। गौर करने की बात है कि क्या 2023 में जब हॉस्पिटल सील कर दिया गया था तब किसके अनुमति से अस्पताल को दोबारा चालू किया गया। अब तक क्या हॉस्पिटल बिना पंजीकरण के मरीज से खिलवाड़ करती रही।

